भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान मोहाली

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

सैक्टर-81, नॉलेज सिटी, डा. घ. मनौली, सा. अ. सिं. नगर, मोहाली, पंजाब - 140306

INDIAN INSTITUTE OF SCIENCE EDUCATION AND RESEARCH MOHALI

(Ministry of Education, Govt. of India)

Sector – 81, Knowledge City, P. O. Manauli, S. A. S. Nagar, Mohali, Punjab – 140306

विज्ञापन सं. भा.वि.शि.अ.सं.मो./गै.सं. (03)/प्रशिक्षुता/2025-26 दिनांक: 07.12.2025

Advt. No. IISERM/NF (03)/Apprenticeship/2025-26 Dated: 07.12.2025

प्रशिक्षुओं की नियुक्ति

ENGAGEMENT OF APPRENTICES

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान मोहाली एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है, जिसकी स्थापना भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय (पूर्ववर्ती मानव संसाधन विकास मंत्रालय) द्वारा 2007 में विज्ञान के अग्रणी क्षेत्रों में अनुसंधान करने तथा स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर गुणवत्तापूर्ण विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान प्रदान करने के लिए की गई थी।

संस्थान 'प्रशिक्षु अधिनियम, 1961' के अंतर्गत निम्नलिखित प्रशिक्षुओं के पदों को भरने के लिए भारत के समर्पित, प्रतिबद्ध और पात्र नागरिकों की तलाश कर रहा है, जिन्हें नीचे दिए गए निश्चित समेकित मासिक वजीफे पर नियुक्त किया जाएगा :-

The Indian Institute of Science Education and Research (IISER) Mohali, an Institute of National Importance, established by the Government of India, MoE (erstwhile MHRD) in 2007 to carry out research in frontier areas of science and provide quality Science Education & Research at the undergraduate and post graduate levels.

The Institute is looking for dedicated, committed and eligible citizens of India to fill up the following **apprentices under 'The Apprentices Act, 1961' at a fixed consolidated monthly stipend** as stated below**:-**

क्रम Sl. No.	**विभाग Department**	**पद कोड Post Code**	**प्रशिक्षण स्लॉट की संख्या No. of Training Slots**	**आवश्यक शैक्षणिक योग्यता Essential Educational Qualification**	**मासिक वज़ीफ़ा Monthly Stipend**
1	पुस्तकालय विज्ञान/ Library Science	A-01	**2** (1 अनारक्षित / UR, 1 अ. पि. व. / OBC)	पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक की डिग्री / Bachelor's in Library Science.	रूपए / Rs.14,000/-
2	लेखा एवं लेखापरीक्षा/ Accounts and Audit	A-02	**4** (2 अनारक्षित / UR, 2 अ. जा. / SC)	वाणिज्य में स्नातक की डिग्री / Bachelor's degree in Commerce.	रूपए / Rs.14,000/-
3	प्रशासनिक सेवाएं/ Administrative Services	A-03	**12** (7 अनारक्षित / UR, 1 अ. जा. / SC, 2 अ. पि. व. / OBC, 2 आ. क. व. / EWS)	स्नातक की डिग्री (बी. ए. / बी. बी. ए.) **या** स्नातक की डिग्री और आशुलिपि में डिप्लोमा / प्रमाणपत्र हो Bachelor's degree (BA/BBA) **OR** Bachelor's degree with a diploma / certificate in stenography.	रूपए / Rs.14,000/-

4	कम्प्यूटर नेट्वर्किंग/ Computer Networking	A-04	**2** (1 अनारक्षित / UR, 1 अ. जा. / SC)	स्नातक डिग्री (बीसीए / बीएससी-सीएस/आईटी) Bachelor's degree (BCA / BSc-CS/IT)	रूपए / Rs.14,000/-
5	सिविल अभियांत्रिकी/ Civil Engineering	A-05	**1** अनारक्षित / UR	सिविल अभियांत्रिकी / प्रौद्योगिकी में स्नातक B.E./B.Tech in (Civil)	रूपए / Rs.14,000/-
6	विद्युत अभियांत्रिकी/ Electrical Engineering	A-06	**1** अनारक्षित / UR	विद्युत् अभियांत्रिकी / प्रौद्योगिकी में स्नातक B.E./B.Tech in (Electrical)	रूपए / Rs.14,000/-
7	पशु विज्ञान/ Animal Science	A-07	**2** (1 अनारक्षित / UR, 1 अ. जा. / SC)	विज्ञान स्नातक (पशु विज्ञान / जंतु शास्त्र) B.Sc. (Animal Science / Zoology)	रूपए / Rs.14,000/-
8	वास्तुकला Architecture	A-09	**1** अनारक्षित / UR	वास्तुकला में स्नातक की डिग्री Bachelor's degree in Architecture	रूपए / Rs.14,000/-
9	वेब डिजाइनिंग/ Web Designing	A-08	**1** अनारक्षित / UR	10+2 और वेब डिजाइनिंग में डिप्लोमा 10+2 and Diploma in web designing	रूपए / Rs.12,000/-
		Total	**26**		

आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 06.01.2026 सायं 05:00 बजे तक है।
Last date of submission of application forms is till 06.01.2026 upto 05:00 P.M.

सामान्य नियम और शर्तें / GENERAL TERMS AND CONDITIONS:

1. उम्मीदवार भारत का नागरिक होना चाहिए।
   The candidate must be a citizen of India.

2. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन जमा करने से पहले पात्रता मानदंड और चयन प्रक्रिया के विवरण के लिए पूरा विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ें।
   Candidates are advised to carefully read the full advertisement for details of eligibility criteria and selection procedure before submission of application.

3. प्रशिक्षुता के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु आवेदन के अंतिम दिन तक 18-25 वर्ष होनी चाहिए। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) / दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट लागू है। हालांकि, उन्हें भारत सरकार के प्रारूप के अनुसार श्रेणी प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रति संलग्न करनी होगी।
   Candidates applying for the apprenticeship must be 18-25 years of age as on last day of application. A relaxation in upper age limit is applicable as per the Govt. of India guidelines for candidates from SC / ST / OBC (NCL) / PwBD categories. However, they are required to attach a self-attested copy of category certificate as per Government of India formats.

4. उम्मीदवारों ने पहले कभी कोई प्रशिक्षुता नहीं की हो या समय-समय पर संशोधित प्रशिक्षु अधिनियम,

1961 के अनुसार प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया होना चाहिए।
The candidates should NOT have undergone apprenticeship earlier or pursuing apprenticeship training as per **The Apprentices Act, 1961** amended from time to time.

5. केवल वे उम्मीदवार जो वर्ष 2022, 2023 या 2024 में अपना स्नातक / डिप्लोमा पूरा कर चुके हैं, वे ही प्रशिक्षुता के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।
Only candidates who have completed their graduation/diploma in the year 2022, 2023 or 2024 are eligible to apply for the apprenticeship.

6. प्रशिक्षुओं की सेवा शर्तें एवं निबंधन समय-समय पर संशोधित प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 और नियम 1992 द्वारा शासित होंगी।
The service terms and conditions of the apprentices shall be governed by The Apprentices Act, 1961 and Rules 1992 as amended from time to time.

7. अधिसूचना में दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम है, IISER मोहाली भर्ती प्रक्रिया के किसी भी समय विज्ञापित रिक्तियों की संख्या बढ़ाने या घटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इसके अलावा, संस्थान किसी भी विज्ञापित रिक्ति को न भरने और किसी भी समय उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया को रद्द / संशोधित करने और किसी भी स्तर पर किसी भी आवेदक की उम्मीदवारी को अस्वीकार करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।
The number of vacancies indicated in the notification is tentative, IISER Mohali reserves the right to increase or decrease the number of advertised vacancies at any time of the recruitment process. Further, Institute also reserves the right to NOT to fill any of the vacancy advertised and cancel / modify the process of selecting candidates at any time & to reject the candidature of any applicant at any stage.

8. उपरोक्त वर्गों के लिए प्रशिक्षुता की अवधि 12 महीने होगी, जो समय-समय पर संशोधित प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 के अनुसार प्रशिक्षुता अनुबंध के निष्पादन से शुरू होगी। प्रशिक्षुता का अनुबंध प्रशिक्षु अधिनियम-1961 (आज तक संशोधित) की धारा (22.1) के तहत प्रशिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र), कानपुर के तहत राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा।
The tenure of apprenticeship for the above trades would be 12 months, commencing from execution of the contract of apprenticeship as per The Apprentices Act, 1961 amended from time to time. The contract of apprenticeship will be registered at National Apprenticeship Training Scheme (NATS) portal under Boards of Apprenticeship Training (NR), Kanpur under section (22.1) of The Apprentices Act-1961 (amended till date).

9. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और संस्थान किसी भी देरी के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा। आवेदन पत्र डाउनलोड करने के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट www.iisermohali.ac.in पर जाएं। किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
Applications received after expiry of last date will not be entertained and Institute will not be responsible for any delay. For downloading application form, please visit Institute's website www.iisermohali.ac.in. Application will not be received through any other mode.

10. एक बार जमा किए गए आवेदन पत्र को किसी भी परिस्थिति में बदला या पुनः जमा नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, आवेदन पत्र जमा होने के बाद, उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र में दर्ज किए गए किसी भी डेटा / विवरण में बदलाव करने के संबंध में कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

Application once submitted cannot be altered / resubmitted, under any circumstances. Further, no request with respect to making changes in any data/particular entered by the candidate in the application form will be entertained, once the application is submitted.

11. जो आवेदन / पंजीकरण अधूरे हैं या पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं उन्हें "पात्र" नहीं माना जाएगा और उन्हें "अस्वीकृत" माना जाएगा।
Applications/Registration which are incomplete or not fulfilling the eligibility criteria shall not be considered "Eligible" and will be treated as "Rejected".

12. निर्धारित योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों / संस्थानों से प्राप्त होनी चाहिए।
The qualification prescribed should have been obtained from recognized Universities / Institutions.

13. समिति द्वारा उपयुक्त उम्मीदवारों का चुनाव और मेरिट सूची योग्यता डिग्री / डिप्लोमा में प्राप्त प्रतिशत के आधार पर तैयार की जाएगी।
Shortlisting of suitable candidates by the Committee and merit list will be prepared on the basis of percentage in the qualifying degree / diploma.

14. यदि उम्मीदवार अपनी अर्हता परीक्षा में समान अंक/प्रतिशत प्राप्त करते हैं, तो पूर्ववर्ती शैक्षणिक योग्यता में अधिक प्रतिशत प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को योग्यता सूची में उच्च स्थान पर रखा जाएगा।
In case of candidates securing equal marks / percentage in their qualifying examination, the candidate securing more percentage in the preceding educational qualification will be placed at the higher position in the merit list.

15. चयनित प्रशिक्षुओं की नियुक्ति प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से "स्वस्थ" घोषित किए जाने के अधीन है। पात्र शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों (योग्यता के आधार पर) को बाद में प्रकाशित की जाने वाली तिथि, समय और स्थान पर दस्तावेज़ सत्यापन के लिए रिपोर्ट करने के लिए कहा जाएगा। सरकारी/नगरपालिका अस्पताल के पंजीकृत चिकित्सक से स्वास्थ अनुकूल प्रमाणपत्र जिसमें चिकित्सा अधिकारी (नाम, पता और पंजीकरण) का पूरा विवरण हो, अनिवार्य है। उम्मीदवारों को केवल मूल स्वास्थ अनुकूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर प्रशिक्षण शुरू करने के लिए कार्यग्रहण आदेश जारी किया जाएगा। इसके अलावा, सत्यापन के लिए निम्नलिखित दस्तावेज़ (मूल और प्रत्येक की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी का 1 प्रति) प्रस्तुत करना होगा:
Engagement of selected apprentices is subjected to his/her being declared medically fit as per the requirement of The Apprentices Act, 1961**.** The eligible shortlisted candidates (on the basis of merit) will be asked to report for Document Verification on the date, time and venue to be published later. Medical fitness certificate from a registered medical practitioner of Govt./Municipal Hospital having full details of the Medical Officer (name, address & registration) is mandatory. Candidates will be issued joining order for commencement of training on production of original medical fitness certificate only. In addition, following documents (in original and 1 set of self-attested photocopies of each) are to be produced for verification:

i. 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण प्रमाण पत्र और मार्कशीट
10^{th} and 12^{th} passing certificates and marksheets

ii. योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र और मार्कशीट (डिग्री / डिप्लोमा)
Qualifying exam passing certificate and marksheets (Degree/Diploma)

iii. जाति प्रमाण पत्र, (यदि लागू हो)
Caste certificate, (if applicable)

iv. आधार कार्ड
Aadhaar Card

v. एक हालिया पासपोर्ट आकार की तस्वीर (आवेदन पत्र में जोड़ी गई के समान)
One recent passport size photographs (same as affixed in the application form)

vi. बैंक पासबुक की दो प्रतियां (**खाता केवल प्रशिक्षु के नाम पर होना चाहिए**)
Two copies of bank passbook (**Account should be in the name of apprentice only**)

17. उम्मीदवार को आवेदन पत्र में दिया गया अपना ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर सक्रिय रखना होगा । ईमेल आईडी या मोबाइल नंबर निष्क्रिय होने या पते में परिवर्तन आदि के कारण किसी भी संचार की प्राप्ति न होने / देरी होने के लिए संस्थान ज़िम्मेदार नहीं होगा।
Candidate should keep their email Id and mobile no. provided in the application form active. Institute will not be responsible for non-receipt / delay in receipt of any communication due to deactivation of email Id or mobile no. given or due to change in the address etc.

18. यदि कोई शुद्धिपत्र / अनुपूरक होता है, तो उसे केवल संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। उम्मीदवार को प्रशिक्षुता से संबंधित किसी भी अद्यतन के लिए संस्थान की वेबसाइट नियमित रूप से जांचनी चाहिए। इस संबंध में किसी भी देरी के लिए संस्थान ज़िम्मेदार नहीं होगा।
If there is any corrigendum / addendum, it shall only be published on Institute's website. Candidate should check the Institute's website regularly for any update on apprenticeship. Institute will not be responsible for any delay in this regard.

19. परीक्षा (यदि कोई हो) की पात्रता तथा परिणाम और परीक्षा के लिए न बुलाए जाने के कारणों (जैसा भी मामला हो) के संबंध में उम्मीदवारों से किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।
No correspondence whatsoever will be entertained from candidates regarding eligibility and conduct / result of test (if any) and reasons for not being called for test (if any).

20. किसी भी रूप में प्रचार करना / किसी भी राजनीतिक प्रभाव का उपयोग करना या अन्यथा उम्मीदवार की अयोग्यता मानी जाएगी। "अंतरिम पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा"। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी गलत/झूठी है, तो उस आधार पर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।
Canvassing in any form / bringing in any political influence or otherwise will be treated as a disqualification of the candidate. "INTERIM ENQUIRIES WILL NOT BE ENTERTAINED". If it is found at any stage that any information given in the application is incorrect / false, the candidature is liable to be cancelled on that ground.

21. भर्ती प्रक्रिया के संबंध में बुलाए जाने पर संस्थान में आने वाले अभ्यर्थियों को कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।
No TA/DA will be paid to the candidates visiting the Institute when called upon regarding recruitment process.

22. प्रशिक्षण के दौरान यदि आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होती है, तो प्रशिक्षु भा. वि. शि. अ. सं. मोहाली, संस्थान औषधालय (केवल स्वयं के लिए) में निःशुल्क प्राथमिक/ओपीडी चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाने के हकदार हैं। प्रशिक्षुओं को कोई क्वार्टर / हॉस्टल रूम / गेस्ट हाउस आवास / यात्रा सुविधा या यात्रा भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा।
During the training if emergency arises, apprentices are entitled to avail free primary / OPD medical facility at IISER Mohali, Institute Dispensary (only for self). The apprentices will not be provided with any quarters / hostel room / guest house accommodation / travel facility or travel allowance.

23. उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी होने के 7 दिनों के भीतर प्रशिक्षुता कार्यक्रम में शामिल होना होगा, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
The candidates have to join the apprenticeship program within 7 days of issue of appointment letter, otherwise the candidature will be cancelled.

24. चयनित प्रशिक्षुओं को संस्थान द्वारा निर्धारित अनुभाग / विभाग में प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा प्रशिक्षुता के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को इसका पालन करना होगा।
Selected candidates will undergo on-job training in a section / department as decided by the Institute and candidate applying for the apprenticeship will have to abide by the same.

25. प्रशिक्षुता का अनुबंध प्रशिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि की समाप्ति पर समाप्त हो जाएगा।
The contract of apprenticeship shall terminate on the expiry of period of apprenticeship training.

26. भा.वि.शि.अ.सं. मोहाली प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षुता अवधि के दौरान और / या उसके पूरा होने के बाद नियमित / संविदा रोजगार देने के लिए बाध्य नहीं होगा। प्रशिक्षुता अवधि के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद, उम्मीदवारों को संबंधित कार्य क्षेत्रों से मुक्त कर दिया जाएगा।
IISER Mohali shall have no obligation to offer regular/contractual employment to Apprentices during and/or after the completion of the apprenticeship period. After successful completion of Apprenticeship period, candidates shall be relieved from the respective work areas.

27. भारत सरकार के आदेशों के अनुसार, पंजीकृत प्रशिक्षुओं को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) मोड के माध्यम से मासिक वजीफे (सरकारी अंश का 50% जो स्नातकों के लिए 4,500/- रूपए तथा डिप्लोमा धारकों के लिए 4,000/- रूपए है या समय-समय पर संशोधित किया गया है) का सरकारी हिस्सा वितरित करने के लिए इसे लागू किया गया है। इसलिए, प्रशिक्षुओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके नाम पर "आधार से जुड़ा प्राथमिक बैंक खाता (डीबीटी सक्षम)" हो ताकि डीबीटी मोड के तहत लाभ प्राप्त किया जा सके।
As per orders from Government of India, it has been implemented to disburse the Government share of monthly stipend (i. e. 50% of Government share that is Rs.4,500/- for Graduates and Rs.4,000/- for Diploma holder or as amended from time to time) through Direct Benefit Transfer (**DBT**) mode to registered apprentices. Hence, the apprentice has to ensure that they have “Aadhaar Linked Primary Bank Account (DBT enabled)” on their name so as to avail benefit under DBT mode.

<u>आवेदन कैसे करें/ HOW TO APPLY</u>:

1. आवेदन पत्र संस्थान की वेबसाइट (www.iisermohali.ac.in) से डाउनलोड किया जा सकता है। विधिवत भरा हुआ और सभी प्रकार से पूर्ण किया गया आवेदन सभी प्रमाणपत्रों (शैक्षिक, तकनीकी / व्यावसायिक योग्यता, श्रेणी (यदि लागू हो) आदि) की स्व-सत्यापित प्रतियों और हालिया पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ प्रशंसापत्र के साथ जमा किया जाना चाहिए।
   Application Form may be downloaded from the Institute's website (www.iisermohali.ac.in). The application, duly filled in and completed in all respects should be submitted along with self- attested copies of all certificates (educational, technical / professional qualification, category (if applicable) etc.) with a recent passport size photograph.

2. निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरा हुआ और हर तरह से पूर्ण आवेदन पत्र एवं हाल के पासपोर्ट के साथ प्रमाण पत्र, मार्कशीट, उम्र, शिक्षा योग्यता, श्रेणी (यदि लागू हो) के समर्थन में स्व-सत्यापित प्रतियां शामिल हों। आवेदन पत्र पर चिपकाए गए स्व-हस्ताक्षरित फोटो, "**प्रेषण अनुभाग, भा. वि. शि. अ. सं. मोहाली, सैक्टर-81, नॉलेज सिटी, डा. घ. मनौली, सा. अ. सिं. नगर (मोहाली), पंजाब - 140306**" **06.01.2026** को **सायं 05:00** बजे तक अवश्य भेजा जाना चाहिए।
   The Application Form duly filled in the prescribed format and complete in all respects accompanied with self-attested copies of the certificates, mark sheets, in support of age, education qualifications, category (if applicable), along with recent passport size self-signed photograph affixed on the Application Form, should be sent to "**Despatch Section, IISER Mohali, Sector-81, Knowledge City, P. O. Manauli, S. A. S. Nagar, (Mohali), Punjab–140306**" by 06.01.2026 by 05:00 PM positively.

3. संलग्नक के साथ पूर्ण आवेदन पत्र वाले लिफाफे पर "प्रशिक्षुओं की नियुक्ति के लिए आवेदन" और पोस्ट कोड _____ लिखा होना चाहिए।
   The envelope containing the complete application form with attachments must be superscribed as "<u>Application for the engagement of Apprentices</u>" and Post Code _____".

4. अपूर्ण आवेदन अर्थात बिना फोटो वाले आवेदन, प्रमाण पत्र, प्रशंसापत्र आदि की आवश्यक सत्यापित प्रतियों के बिना, निर्धारित आवेदन पत्र में नहीं, आवेदन का पृष्ठ गायब, अहस्ताक्षरित या किसी भी तरह से अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और निरस्त कर दिया जाएगा।
   Incomplete applications i.e. applications without photographs, without the required attested copies of certificates, testimonials etc., not in the prescribed application form, missing page of application from, unsigned or incomplete in any manner will not be entertained and will be summarily rejected.

5. उम्मीदवारों को विशेष रूप से ध्यान देना होगा कि किसी भी कारण से आवेदन प्राप्त जमा करने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा (जैसे गलत तरीके से लिखे गए लिफाफे, कहीं और वितरित, डाक में देरी आदि) / निरस्त कर दिया जाएगा।
   Candidates should specifically note that the applications received after the closing date for receipt of applications for any reason whatsoever (such as envelopes wrongly addressed, delivered elsewhere, postal delay etc.) will not be entertained / will be summarily rejected.

6. यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट है, तो उसे केवल संस्थान की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा। उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया पर किसी भी अपडेट के लिए समय-समय पर संस्थान की वेबसाइट

देखने/देखने की सलाह दी जाती है। इस संबंध में सूचना में किसी भी देरी के लिए संस्थान जिम्मेदार नहीं होगा।
If there is any corrigendum / addendum, it shall only be published on Institute's website only. Candidates are advised to check/visit Institute's website periodically for any update on recruitment process. Institute will not be responsible for any delay in information in this regard.

किसी और सवाल के लिए, कृपया recruitment@iisermohali.ac.in पर ईमेल करें।
For any other query, please drop an email at: recruitment@iisermohali.ac.in

कुलसचिव / REGISTRAR
भा. वि. शि. अ. सं. मोहाली / IISER Mohali